# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-2

## संक्षिप्त कार्य विवरण

**पत्रक भाग-एक**

**मंगलवार, दिनांक 24 फरवरी, 2004 (फाल्गुन 5, 1925)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.31 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1.निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा केरल के राज्यपाल श्री सिकन्दर बख्त, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष श्री कुशाभाऊ ठाकरे, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री सर्वश्री रामकृष्ण हेगड़े, मुकैया अरुणाचलम्, बिहार के पूर्व राज्यपाल श्री मुहम्मद यूनुस सलीम, भूतपूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री लरंग साय, भूतपूर्व संसद सदस्य डॉ. प्रभात कुमार मिश्र, श्री भागीरथ भंवर, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा सर्वश्री नवरतन सांखला, कन्हैयालाल डूंगरवाल, श्यामलाल साहू तथा माधवलाल दुबे, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री रियाज अली काका, पूर्व टेस्ट क्रिकेटर श्री चंदू सरवटे तथा फिल्म अभिनेता श्री विजय आनंद के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किये गये।

मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती, सदस्य सर्वश्री इन्द्रजीत कुमार, वंशमणि प्रसाद वर्मा, डॉ. आई.एम.पी. वर्मा, श्री रामलखन शर्मा, श्री हरीवल्लभ शुक्ला तथा श्रीमती सरोज बच्चन नायक ने भी शोकोद्गार व्यक्त किये।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्तजन के लिये संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.02 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 25 फरवरी, 2004 (फाल्गुन 6, 1925) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**